**INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR**

| FINAL EXAMINATION 2023-24 | | |
|---|---|---|
| CLASS-VIII | SUBJECT- HINDI (3rd LANG.) | MAX. MARKS: 80 |
| Date-14/03/2024 | SET-1 | TIME: 2hrs & 30 Min. |

***General Instructions-***

1. ***All questions are compulsory.***
2. ***The question paper consists of 16 questions divided into 4 Sections.***
3. ***There is no overall choice. However, internal choices have been provided.***
4. ***This question paper consists of 05 printed pages.***

---

## खंड - क (अपठित गद्यांश)

**प्र1-** दिए गए अनुच्छेद के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए| 5

बातचीत करते समय हमें शब्दों के चयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि सम्मानजनक शब्द व्यक्ति को उदात्त एवं महान बनाते हैं। बातचीत को सुगम एवं प्रभावशाली बनाने के लिए सदैव प्रचलित भाषा का ही प्रयोग करना चाहिए। अत्यंत साहित्यिक एवं कठिन भाषा के प्रयोग से कहीं ऐसा न हो कि हमारा व्यक्तित्व चोट खा जाए। बातचीत में केवल विचारों का ही आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि व्यक्तित्व का भी आदान-प्रदान होता है। अतः शिक्षक वर्ग को शब्दों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए। शिक्षक वास्तव में एक अच्छे अभिनेता जैसा होता है, जो अपने व्यक्तित्व, शैली, बोलचाल और हावभाव से विद्यार्थियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है और उन पर अपनी छाप छोड़ता है।

**(क) शिक्षक इनमें से किसके जैसा होता है?**

राजनेता | साहित्यकार | अभिनेता | कवि

**(ख) बातचीत में किस प्रकार की भाषा का प्रयोग करना चाहिए?**

अप्रचलित | प्रचलित | कठिन | रहस्यमयी

**(ग) शिक्षक वर्ग को बोलना चाहिए?**

सोच-समझकर | ज्यादा | बिना समझे | तुरंत

**(घ) शिक्षक विद्यार्थियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं?**

व्यक्तित्व से | बोलचाल | हावभाव से | इन सबसे

**(ङ) बातचीत में किसका आदान-प्रदान होता है-**

विचारों का | व्यक्तित्व का | विचारों एवं व्यक्तित्व का | किसी का नहीं

**प्र2-** दिए गए अनुच्छेद के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए| 5

मनुष्य को चाहिए कि संतुलित रहकर अति के मार्गों का त्याग करे और मध्यम मार्ग को अपनाए। अपने सामर्थ्य को पहचान कर उसकी सीमाओं के अंदर जीवन बिताना एक कला है। सामान्य पुरुष अपने अहंकार के वशीभूत होकर अपना मूल्यांकन अधिक कर बैठता है और इसी के फलस्वरूप वह अपना सर्वस्व खो बैठता है। इसलिए सामर्थ्य से अधिक व्यय करने वालों के लिए कहा जाता है कि 'तेते पाँव पसारिए, जेती लांबी सौर'। जो सज्जन अपने सामर्थ्य को विचार कर उसके अनुरूप कार्य करते हैं वे अपने जीवन को सुखमय ढंग से व्यतीत करते हैं और व्यर्थ के दिखावे में रहने वाले लोग अपने जीवन को दुखमय बना लेते हैं|

**(क) मनुष्य को कौन-सा मार्ग अपनाना चाहिए?**

असंतुलित मार्ग  अमर्यादित मार्ग  मध्यम मार्ग  कोई मार्ग नहीं

**(ख) किसकी सीमाओं के अंदर जीवन बिताना एक कला है?**

सामर्थ्य के  असामर्थ्य के  मूल्यांकन के  साधना के

**(ग) मनुष्य अहंकार के वशीभूत होकर क्या खो बैठता है?**

अपना महत्त्व  अपना सर्वस्व  अपना सामर्थ्य  अपना फल

**(घ) अपने सामर्थ्य को विचार कर उसके अनुरूप कार्य करने वाले लोग कैसा जीवन बिताते हैं?**

सुखमय  दुखमय  दोनों तरह का  इनमें से कोई नहीं

**(ङ) "तेते पाँव पसारिए, जेती लांबी सौर' किसके लिए कहा गया है?**

सामर्थ्य से अधिक व्यय करने वालों के लिए  सामर्थ्य से कम व्यय करने वालों के लिए

अधिक खाना खाने वालों के लिए  कम खाना खाने वालों के लिए

## खंड – ख (व्याकरण)

**प्र3- दिए गए निर्देश के अनुसार प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए|** 4

**क-**'प्र' उपसर्ग से बना सही शब्द कौन-सा है?

प्रयोग  प्रयोघ  परियोग  परिमाण

**ख-**'आपा' प्रत्यय से बना सही शब्द कौन-सा है?

चुपापा  बुढ़ापा  ऊँचापा  मुटापा

**ग-**'कनक' शब्द के लिए एक अनेकार्थी शब्द कौन-सा सही है?

दाल  चावल  गेहूँ  चना

**घ-**'मछली' शब्द के लिए एक पर्यायवाची शब्द कौन-सा सही है?

मत्स्य  मगर  बंदर  चिड़िया

**प्र4- दिए गए निर्देश के अनुसार प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए|** 4

**क-**'आँखों का तारा होना' मुहावरे का सही अर्थ कौन-सा है?

बेफिक्र होना  बहुत प्यारा  कलंकित करना  धोखे में आना

**ख-** 'लड़ना' शब्द के लिए कौन-सा भाववाचक संज्ञा शब्द सही है?

लड़ाऊ | लड़ाई | लड़ाना | लड़नी

**ग-** 'बाहर कौन खड़ा है?' वाक्य में कौन-सा शब्द सर्वनाम है?

बाहर | कौन | खड़ा | है

**घ-** 'किताब मेज़ पर रखी है|' वाक्य में कौन-सा शब्द कारक है?

किताब | मेज़ | पर | रखी

**प्र5- दिए गए निर्देश के अनुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए|** 6

**क-** किन्हीं दो शब्दों विलोम लिखिए| (आना, प्रेम, स्वदेश)

**ख-** किन्हीं दो शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द लिखिए| (भाई, भतीजा, पुरुष)

**ग-** किन्हीं दो शब्दों के भाववाचक संज्ञा बनाइए| (मित्र, अपना, शीतल)

**प्र6- दिए गए निर्देश के अनुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए|** 8

**क-** किन्हीं दो उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए| (अप, आ, वि )

**ख-** किन्हीं दो प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाइए| (पन, ई, कार )

**ग-** किन्हीं दो शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए| (अंबर, पूर्व, कर )

**घ-** किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए| (हवा, पानी, पथ )

**प्र7- दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम छाँटिए|** 2

**क-** हम मतदान नहीं करेंगे। **ख-** उसका छोटा भाई आया है।

**प्र8- दिए गए वाक्यों में से कारक चिह्न छाँटिए|** 2

**क-** यह सुरेश की बहन है। **ख-** सूर्य पृथ्वी से दूर है।

**प्र9- किन्हीं दो वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए|** 2

**क-** जिसको जीता न जा सके **ख-** शिक्षा देने वाला **ग-** जो कभी न मरे

**प्र10- किन्हीं दो मुहावरों से उचित वाक्य बनाइए|** 2

**क-** घोड़े बेचकर सोना **ख-** कमर कसना **ग-** झाँसे में आना

## खंड - ग (गद्य - पद्य)

**प्र11- सही विकल्प चुनकर लिखिए|** 6

**क-** हम जगना और जगाना किससे सीखते हैं?

हवा से | जलधारा से | फूल से | सूरज की किरणों से

**ख-** दुख में धीरज रखने के लिए कौन कहता है?

लता और पेड़ पृथ्वी जलधारा पतझड़ के पेड़

**ग-** वृक्ष फूलों से कब लद जाते हैं ?

ग्रीष्म में वर्षा में शिशिर में बसंत में

**घ-** बगीचे के पास ही कहाँ जाने का रास्ता था?

नदी पर पाठशाला बाज़ार गाँव

**ङ-** राजा कृष्णदेव राय के दरबार में कौन आया था?

व्यापारी यात्री ब्राह्मण जादूगर

**च-** ब्राह्मण को कहाँ ठहराया गया था?

अतिथि गृह में दरबार में कुटिया में तेनालीरामन के घर

**प्र12-** दिए गए प्रश्नों में से **किन्हीं आठ (8)** के उत्तर एक या दो पक्तियों में लिखिए| 8

**क-** लता और पेड़ क्या सीख देते हैं?

**ख-** तरु की डालियाँ क्या सीख देती हैं?

**ग-** पृथ्वी क्या सीख देती है?

**घ-** बगीचा कहाँ था?

**ङ-** बगीचे के मालिक ने बच्चों को रोकने के लिए क्या किया?

**च-** बगीचे का मालिक उदास क्यों लेटा था?

**छ-** राजा कृष्णदेव राय ने प्रश्नवाचक मुद्रा में किसकी तरफ देखा?

**ज-** विद्वान ब्राह्मण क्या कर रहे थे?

**झ-** ब्राह्मण की मातृभाषा का पता लगाने के लिए तेनाली रामन ने कितने दिन का समय माँगा?

**प्र13-** दिए गए प्रश्नों में से **किन्हीं पाँच (5)** के उत्तर दो या तीन पंक्तियों में लिखिए| 10

**क-** धुएँ से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?

**ख-** दीपक से हम क्या सीख सकते हैं?

**ग-** ऋतुराज बसंत क्यों नाराज था?

**घ-** आदमी ने बची हुई दीवार को क्यों गिरा दिया?

**ङ-** अतिथि ब्राह्मण के मुख से तेनाली रामन की प्रशंसा सुनकर राजा ने क्या किया?

**च-** दरबारी, ब्राह्मण की मातृभाषा की पहचान क्यों नहीं कर पाए?

**प्र14-** दिए गए प्रश्नों में से **किन्हीं दो (2)** के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में लिखिए| 6

**क-** सब पर मेहँदी की तरह अपना रंग चढ़ाने का क्या अर्थ है?

**ख-** एक साल बाद बसंत ऋतु के आने पर क्या हुआ?


**ग-** तेनालीरामन ने ब्राह्मण की मातृभाषा का पता कैसे लगाया?

## खंड - घ (रचनात्मक कार्य)

**प्र15-** किसी एक विषय पर 70-80 शब्दों में **अनुच्छेद** लिखिए| 5

**क-** बगीचे की सैर **ख-** मेरी प्यारी माँ **ग-** मेरा प्यारा देश

**प्र16-** दिए गए **चित्र का वर्णन** 30-40 शब्दों में कीजिए | 5



-----☺☺☺☺☺-----